p>

Title: Need to modernise Tarapur Central Memorial Hospital in Jangipur Parliamentary Constituency, West Bengal.

श्री खलीलुर रहमान (जंगीपुर): अध्यक्ष महोदय, हमारा जंगीपुर सब डिवीजन मूलरूप से बीड़ी का क्षेत्र है । यह पूरे हिंदुस्तान में बीड़ी के लिए मशहूर है । यहां खेती के अलावा दूसरी कोई इंडस्ट्री भी नहीं है । गंगा रिवर इरोज़न के कारण यहां की खेती धीरे-धीरे लुप्त होती जा रही है । सर, जीएसटी लागू होने से पहले बीड़ी मजदूर से, एक्साइज ड्यूटी के साथ प्रति हजार में 5 रुपया लिया जाता था । वर्ष 2000 में हमारे लेबर मिनिस्टर ने वेलफेयर डिपार्टमेंट के सहयोग से 20 एकड़ जमीन पर बीड़ी मजदूरों के लिए एक हॉस्पिटल बनवाया था, जो तारापुर सेंटर हॉस्पिटल के नाम से जाना जाता है । उस समय 7 डॉक्टर्स, नर्सेज़, टेक्नीशियन्स और विभिन्न इक्विप्मेंट्स के साथ मेडिसिन फार्मेसी शुरू की गई । सब कुछ बहुत अच्छा चल रहा था । पिछले 6-7 सालों से इनकी संख्या धीरे-धीरे कम होती जा रही है । डॉक्टर्स ट्रांसफर लेकर जा रहे हैं और कोई नया डॉक्टर नहीं आ रहा है । अभी 2 डॉक्टर्स परमानेंट हैं और 3 डॉक्टर्स कॉंट्रैक्ट बेसिस पर काम कर रहे हैं । सारी मशीनें बिगड़ चुकी हैं । उनको दोबारा ठीक करने के लिए न कोई प्रावधान किया गया न कोई चेष्टा की गई । सिस्टर्स, नर्सेज़ की संख्या भी कम हो गई । जहां ऑपरेशन होता था, वह भी बंद हो गया । एक्स-रे, ईसीजी, लैब सब कुछ बन्द हो गया है ।

महोदय, एक बीड़ी मजदूर को बाहर से सब टेस्ट करवाकर डॉक्टर को दिखाना पड़ता है । केन्द्र सरकार की दो बातें ग्रामीण विकास और सबका साथ, सबका विकास बहुत अच्छी लगती हैं । अत: इस हॉस्पिटल को मेनटेन करने के लिए, जिसमें लाखों बीड़ी श्रमिकों को सुविधाएं मिल रही थीं, उसे मॉर्डनाइज़ किया जाए जिससे लाखों बीड़ी श्रमिकों को चिकित्सा की सुविधा मिले । धन्यवाद ।